# दूध व तेल के कुल 7 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी कन्ट्रोल रूम में प्राप्त खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत के आधार पर सहायक आयुक्त (खाद्य) - ll/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के द्वारा टीम के साथ टाण्डा व स्वार क्षेत्र में पहुंचकर विभिन्न प्रतिष्ठानों पर विशेष अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच की गयी।

इस विशेष छापामार अभियान में टाण्डा स्थित खाद्य तेल के विक्रेता मजहर अली से सरसों के तेल का 01 नमूना लिया गया और लगभग 28 किलोग्राम सरसों का तेल (अनुमानित कीमत 4480/-) सीज किया गया।



दुग्ध विक्रेता मुजाहिद अली पुत्र सादिक अली से, लालपुर स्थित दुग्ध विक्रेता रियासत अली पुत्र अब्दुल नवी से, प्रानपुर रोड स्थित दुग्ध विक्रेता काशीराम पुत्र हरदयाल सिंह से दूध का 01-01 नमूना लिया गया।

मिलक के जालिफनगला स्थित अनवार डेयरी के सालिम पुत्र अनवार से, ग्राम भैसोडी स्थित बाबू डेयरी के बाबू पुत्र पीरू से दूध का 01-01 नमूना लिया गया और रामपुर शहर स्थित हरिओम स्वीट्स डेयरी के हरिओम सैनी पुत्र मोहन लाल सैनी से दूध का 01 नमूना लिया गया।

इस प्रकार दूध व तेल के कुल 07 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये।

उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह, देवकान्त, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने हेतु कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत तहसील बिलासपुर के बूथ संख्या-92 पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से गणना पत्र विवरण की प्रगति एवं मतदाताओं की संख्या एवं प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीएलओ ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग की प्रक्रिया का अवलोकन किया और निर्देशित किया



कि सभी बीएलओ शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का विवरण सुनिश्चित करते हुए प्रपत्रों के संग्रहण का कार्य भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने बीएलओ ऐप से ऑनलाइन फीडिंग कर डिजिटाइजेशन भी किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचक कार्यों से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया में शत-प्रतिशत शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की शिकायत की गुंजाइश न रहे। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिलासपुर अरुण कुमार भी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पास्को एक्ट का आरोपी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पुलिस ने पॉस्को एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया नावालिग को बहला फुसलाकर कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना मिलक पर मुकदमा अपराध संख्या- 451/25 धारा- 137(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ था, विवेचना के क्रम में अभियोग उपरोक्त में धारा- 87/65(1) बीएनएस तथा धारा- 3 /4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। आज कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त के वांछित बाल अपचारी को मुखबिर की सूचना पर रठौण्डा से धमौरा जाने वाले रोड पर नगला उदई तिराहे से पुलिस निगरानी में लिया गया।

# राष्ट्रवाद और एकता के सिद्धांत को आत्मसात कर देश को मजबूत बनाने में जुटे प्रधानमंत्रीः हरीश

**भाजपा के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार शाहबाद में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में हुए सम्मिलित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तीव्र गति से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रवाद, एकता और संगठन के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए देश को मजबूत और सक्षम बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

शाहबाद क्षेत्र में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने किया। इसके बाद वह स्कूल, कालेज के बच्चों और भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ चले। सभी ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश के साथ दौड़ लगाई। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि आज का भारत एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर जिस मजबूत भारत की नींव रखी थी, उसी आदर्श को आगे बढ़ाते हुए



प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र निर्माण में जुटे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में उतारें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज को एकजुट करने का कार्य करें। उनके अनुसार देश की प्रगति तभी संभव है, जब समाज के सभी वर्ग एक दिशा में आगे बढ़ें और राष्ट्रहित के लिए सक्रिय रहें। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकता, सद्भाव और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए विभिन्न नारे लगाए। अंत में हरीश गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रन फॉर यूनिटी जैसे कार्यक्रम समाज में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं और आगे भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, मुन्नी देवी, सुरेश गुप्ता, रविंद्र रवि, नरेंद्र ठाकुर, विवेक पांडेय, संजय यादव, विकास दीक्षित, महेश चंद्रवंशी, राजकुमार गुप्ता, सुमित भटनागर, अनुभव शर्मा, आशीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर में नागरिक सुरक्षा कोर का हुआ गठन

**नागरिक सुरक्षा के वार्डेन सेवा में विभिन्न अवैतनिक पदों पर निकली भर्ती**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप नियंत्रक (प्र.अधि. /नोडल) नागरिक सुरक्षा कोर ने बताया कि नागरिक सुरक्षा विभाग की स्थापना 1962 भारत-चीन युद्ध के पश्चात संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बाह्य आक्रमणों के दृष्टिगत की गयी थी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया तब से नागरिक सुरक्षा विभाग कोर के रूप में कार्यरत है। कालान्तर में इसके कार्यक्षेत्र में वृद्धि करते हुए आपदा सहित अन्य जन कल्याणकारी एवं सामाजिक जनहित के कार्यों को भी सम्मिलित किया गया है। नागरिक सुरक्षा की सेवाओं में वार्डेन सेवा जनपद में प्रभावी रूप से कार्य करती है, जिसका मुख्य उद्देश्य जीवन की रक्षा, सम्पत्ति की हानि को कम करना, उत्पादन की निरन्तरता को बनाये रखना, जनता के मनोबल को बनाये रखना। नागरिक सुरक्षा संगठन के मूल कार्यों एवं दायित्वों के रूप प्रशिक्षण, अभ्यास/प्रदर्शन, हवाई हमले से जन-धन की सुरक्षा करना होता है।

उन्होंने बताया कि जनपद रामपुर में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा के वार्डेन सेवा में विभिन्न अवैतनिक पदों पर नगर पालिका रामपुर क्षेत्र के अधीन आने वाले नागरिक अपनी सेवाएं देने के लिए आवेदन कर सकते हैं। नागरिक सुरक्षा पदों के लिए किसी भी प्रकार का कोई वेतन, भत्ता देय नहीं होगा जो एक अवैतनिक पद है।

उन्होंने बताया कि आवेदन की अर्हताओं में नगर पालिका क्षेत्र का मूल निवासी होना चाहिए, आवेदन कर्ता स्वच्छ छवि को होना चाहिये तथा उसके विरूद्ध कोई पुलिस केस दर्ज न हो तथा किसी न्यायलय में कोई वाद लम्बित नहीं होना चाहिए, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए, आवेदक 18 वर्ष या अधिक आयु का होना चाहिए, आवेदक किसी भी राजनैतिक पार्टी का सक्रिय सदस्य नही होना चाहिए, आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम हाई-स्कूल होना चाहिए। अर्हताओं को पूर्ण करने वाले नागरिक निर्धारित प्रारूप के आवेदन पत्र पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए जनपद की एनआईसी बेवसाईट से ऑनलाइन डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं तथा जनपद मुख्यालय नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय, कलेक्ट्रेट में सम्पर्क कर आवेदन पत्र एवं अन्य सेवा सम्बन्धित जानकारी प्राप्त सकते हैं।

# झुनैया गांव में रामलीला के मंचन में सीता का हुआ हरण



**शाह टाइम्स टाइम्स**

**चमरौआ।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के झुनैया गांव में बीते पांच दिनों से चल रही रामलीला के मेला प्रांगण में बीते दिन लीला के मंचन में क्षेत्र के आसपास के गांवों से ग्रामीणों तांता लगा रहा। इस दौरान मेले में भारी संख्या में रामलीला देखने पहुंचे। जिसके चलते बीते बुधवार की मध्य रात्रि कमेटी के अध्यक्ष लटूरी सिंह यादव की अध्यक्षता में रामलीला के मंच पर सीता स्वयंवर का खेल दिखाया गया। जिसमें भगवान राम की मौजूदगी में सीता माता को रावण धनुष तोड़कर ले जाने की लीला दिखाई गई। जिसको देखने के लिए लोग ठंड में भी अपने रजाई बिस्तर लेकर मेला प्रांगण में डटे रहे। इस दौरान सभी कलाकारों ने अपनी अपनी भूमिका निभाई और कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सहकारी समिति पर किसानों का निरंतर शोषण, कृषि अधिकारी पर भ्रष्टाचार संरक्षण का गंभीर आरोप

**शाहबादः पूर्व भाजपा पदाधिकारी ने एडीओ कृषि पर लगाया संरक्षण देने का आरोप, बोले- 20 साल से कार्यकर्ता हूं, जिला प्रशासन की छवि धूमिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर पंचायत सैफनी स्थित सहकारी समिति में किसानों को शासन द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के बजाय, उनका निरंतर शोषण किए जाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में जब किसानों की शिकायत लेकर एक पूर्व भाजपा पदाधिकारी ने संबंधित कृषि विभाग के अधिकारी से संपर्क किया, तो उन्होंने कार्यवाही करने के बजाय उल्टा स्वयं को स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता बताकर मामले को टाल दिया। शिकायतकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, नगर शाहाबाद के पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार शिल्पकार ने आरोप लगाया है कि सहकारी समिति सैफनी पर किसानों का शोषण लगातार जारी है। जब उन्होंने इस संबंध में संबंधित एडीओ कृषि शाहबाद से शिकायत की, तो उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।

शिल्पकार के अनुसार, एडीओ कृषि ने उन्हें यह कहकर अवगत कराया कि ष्मैं 20 साल पहले से भाजपा कार्यकर्ता हूं और स्थानीय लेवल पर हूं। प्रदीप कुमार शिल्पकार ने आरोप लगाया कि



अधिकारी के इस रवैये से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि किसानों का शोषण और समिति में व्याप्त भ्रष्टाचार विभाग के उच्च अधिकारियों की सहमति पर हो रहा है। प्रदीप कुमार शिल्पकार ने अपनी शिकायत में आगे कहा है कि उच्च अधिकारियों की सहमति के आधार पर किसानों का शोषण निरंतर जारी है, जिससे जिला प्रशासन और शासन की छवि धूमिल होती जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि ऐसे भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध जनहित में विभागीय कार्यवाही की जाएगी, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार ग्रामीण क्षेत्र के न्याय पंचायत भोट बक्काल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी जी ने फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का का उद्घाटन किया।विभिन्न प्रकार के खेलों में बच्चों ने भाग लिया।खेलों में प्रतिभाग करने वाले विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया गया।प्रतियोगिता के आयोजन में सरफराज अहमद एस आर जी, जाहिद हुसैन, ज्ञान प्रसाद गौतम, राजकुमार वर्मा, विजय सिंह, गुरप्रति सिंह, नरेश कुमार, अनिल कुमार, शुभम कुमार, नदीम राजा, रमेश चंद्र, मोहित, कौशिक, देवराज सिंह, उमेश कुमार,राहुल चौधरी, वत्सला मिश्रा, अंजली राण, रोहित सहगल, रमेश बाबू,गजराम सिंह, आदि मौजूद रहे।खेल का संचालन गुप्रीत सिंह किया।

# सीएमओ ने 15 टीबी मरीजों को वितरित की पोषण पोटली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर डॉ. आसीम शर्मा वी पी हैल्थ केयर के संस्थापक द्वारा,15 टी. बी. मरीजों को पोषण पोटली वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद रामपुर, डॉ दीपा सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश, डॉ सत्य मूर्ति,डॉ संतोष कुमार, डॉ नितेश द्वारा टी.बी. के मरीजों को पोटली वितरित कर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हेतु दिशा निर्देश दिये गए। इलाज पर चल रहे समस्त टी.बी. रोगियो को इलाज नि:शुल्क किया जाता है।

भारत के प्रधानमंत्री जी का स्वप्न है कि वर्ष 2025 तक भारत को टी.बी.मुक्त कराना है। डॉ. आसीम शर्मा द्वारा टी बी प्रोग्राम में भी संयोग किया जाता है वह जो भी टी बी मरीज का उपचार शुरू करते है तो तुरंत विभाग को सूचित करते है। पोषण पोटली लेने आए समस्त मरीजों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदया ने बताया पौष्टिक आहार ले मरीज को कोई भी समस्या हो तो तुरन्त अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र



पर जाए डॉ से परामर्श ले और घर में किसी को भी टी बी लक्षण दिखे तुरन्त अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जा कर बलगम की जाँच कराए। कार्यक्रम के आयोजन में श्री अखलाक पी.पी.एम. कोर्डिनेटर, अकिल अली, सईद एव जिला क्षयरोग केन्द्र रामपुर के कर्मचारियों के द्वारा सहयोग किया गया।

# डायमंड जुबली जंबूरी मे शामिल होने मिलक के स्काउट गाइड रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** 19 वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जम्बूरी लखनऊ में आयोजित की जा रही है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा किया जाएगा। प्रतिभाग करने वाले स्काउट-गाइड, श्री गुरू अमरदास शिक्षा निकेतन से 5 गाइड्स वंशिका , प्राची सक्सेना , प्राची , हिब्जा , ज्ञानवी अध्यापिका अमितलता गंगवार, मिलक से आज लखनऊ के लिए निकले । प्रबंधक देवेन्द्र सिंह राजपाल एवं प्रधानाचार्या भारती पाण्डेय, शिक्षिका जूही खान, अभिभावकों ने बच्चों का मनोबल बढाया और हर्ष के साथ स्टेशन पहुंचने आए।

# सीओ स्वार ने यातायात माह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जगरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार यातायात माह क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडे द्वारा ठत हॉस्पिटल के निकट पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति छात्रों को जागरुक किया गया।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर शुक्ल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी द्वारा नवम्बर यातायात माह के दृष्टिगत एसबीआर SBR हॉस्पिटल स्वार के निकट आमजनमानस / छात्र-छात्राओ को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। छात्रों को सड़क सुरक्षा



नियमों की जानकारी देते हुए ट्रैफिक सेंस विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया। आमजन को संदेश दिया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएँ।

छात्रो को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों के बारे में बताया गया यातायात नियमों का पालन कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हरियाल की पीटी टीम ने हासिल की ट्रॉफी

**ककरौआ न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद का मनकरा में आयोजन, प्रतियोगिताओं में शामिल विद्यार्थियों में नजर आया उत्साह**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ककरौआ न्याय पंचायत स्तरीय के खेलों का आयोजन ग्राम मनकरा स्थित खेल मैदान में किया गया, जिसका शुभारम्भ ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां व एआरपी अरुण कुमार ने फीता काटकर किया। सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष नोडल शिक्षक संकुल प्रसन्न प्रकाश, चमन सिंह गौतम, अनिकेत प्रकाश सक्सेना समेत सभी शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। न्याय पंचायत स्तरीय गेम्स के परिणाम में बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में दीपक कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर, बालिका वर्ग 50 मीटर में प्रियांशी कंपोजिट विद्यालय भंडपूरा, बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में नैतिक मगरमऊ, बालिका वर्ग सुरभि खजुरिया, बालक वर्ग 200 मी दक्ष दीनपुर, बालिका वर्ग 200 मी दौड़ में अंजली यादव खजुरिया, बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में आदित्य कंपोजिट विद्यालय राजारामपुर, बालिका वर्ग 400 मीटर प्रियांशी भंडपुरा प्रथम स्थान पर रहे।

उच्च प्राथमिक स्तर 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में दीपक कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर, बालिका वर्ग 100 मीटर में



वीना कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर, 200 मीटर बालक वर्ग में कपिल शंकरपुर, बालिका वर्ग फरहीन भंडपुरा, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में कपिल शंकरपुर से, बालिका वर्ग में वर्षा उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल, 600 मीटर बालक वर्ग दीपक शंकरपुर, बालिका वर्ग में वीना कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर से प्रथम स्थान पर रहे। चक्का और गोला फेंक में अंश गौतम, वीना, कपिल प्रथम स्थान पर रहे,लंबी और ऊंची कूद उच्च प्राथमिक स्तर में शिवा, वीना, दीपक, राजमाला प्रथम स्थान पर रहे। खो खो एवं कबड्डी प्राथमिक स्तर में बालक एवं बालिका वर्ग प्राथमिक विद्यालय खजुरिया की टीम विजयी रही, खो खो उच्च प्राथमिक स्तर बालक एवं बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर की टीम विजयी रही। पीटी टीम उच्च विद्यालय हरियाल ने मुख्य अतिथि के सम्मुख उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम एवं टीम लीडर शैलेंद्र कुमार राठौर को ट्रॉफी देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

आई लव स्पोर्ट्स की सुंदर रंगोली एवं साज सज्जा विशाखा, आरती एवं सौम्या पांडे के द्वारा बनाई गई। सभी विजयी छात्र छात्राओं को एआरपी अरुण कुमार एवं नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश,चमन सिंह गौतम, अनिकेत प्रकाश सक्सेना एवं खेल प्रेमी विशाखा, आरती, सौम्या पांडे आदि के द्वारा कॉपी, पेन देकर सम्मानित किया गया।

आज के न्याय पंचायत स्तरीय खेलों में अस्मत खान, अशोक रावत, नरेश पाल सिंह, राफिया खानम, जकिया इरफाना,अंजली शर्मा, रफत जहां, गायत्री शर्मा, नेहा सक्सेना, दीपा सैनी, आरती, राजेश कुमार, राकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# हजरत जोराबर शाह बाबा रहमतुल्लाह अल्हे का 10 दिवसीय उर्स शुरू हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को हजरत जोराबर शाह बाबा रहमतुल्लाह अल्हे का का 10 दिवसीय उर्स शुरू हुआ इस दौरान कुल शरीफ और लंगर खुवानी के साथ चादर पोशी की गई नाते पाक पड़ कर उर्स का आगाज हुआ इस दौरान बाहर से आए जायरीनों ने लंगर में हिस्सा लिया।

इस दौरान सदर मुकर्रम मियां व अजगर खा, गद्दी नशीन शफीक मिया, इस्लाम मियां, आरिफ अंसारी, लईक पधान, मो शरीफ, शमशीर अहमद,मुजीबुर्रहमान जुहल हसन, मोहम्मद फिरोज, अहमद हसन आदि मौजूद रहा।



